NT>
Title: Need to improve standard of items supplied to Super Bazars of Delhi and fullfill the demands of employees of Super Bazar.

श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं दिल्ली की खास समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। दिल्ली में जितने सुपर बाजार है वहां के सारे कर्मचारी जुलूस ले कर पार्लियामेंट के पास सरकार के पास आए हैं। सुपर बाजार दिल्ली और देश के लोगों को सस्ते और अच्छी क्वालिटी का सामान देने के लिए बनाए गए थे, लेकिन वहां सस्ती और क्वालिटी की चीजें नहीं मिलतीं। आज बहुत सारे सुपर बाजारों में ठीक से सामान नहीं मिलता है और दुकानों पर भी ठीक से पूरी चीजें नहीं मिलती हैं। इन कर्मचारियों का आरोप है कि जो मैनेजमेंट और आथोरिटी है वह भ्रष्टाचार करके उसे मिटाना चाहते हैं। उसका नुकसान होगा तो वह दुकान बंद कर देगा।

महोदय, फिफ्थ पे कमिशन की जो राय है उसको भी इन पर लागू नहीं किया है। इनको एचआरए वगैरह भी नहीं मिल रहा है। इसलिए ये बहुत दुखी होकर जुलूस ले कर आए हैं। मेरी मांग है कि हर सुपर बाजार में सरकार सही ढंग से सामान की सप्लाई करे और

क्वालिटी का सामान सप्लाई करे तथा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे ताकि सुपर बाजार ठीक ढंग से चलें। मैं सरकार से और संसदीय कार्य मंत्री से अपील करूंगा कि दिल्ली में सुपर बाजारों की समस्या को ठीक ढंग से सुलझाएं।